प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **अगस्त / August 24, 2020**

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में सिडबी स्वावलंबन केंद्र का उद्घाटन

Hon'ble Chief Minister of UP inaugurates SIDBI Swavalamban Kendra in Lucknow

राज्य में एमएसएमई के विकास को समर्थन देने की पहल

Initiative to help progress of MSMEs in the state

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज लखनऊ में सिडबी स्वावलंबन केंद्र का शुभारंभ किया गया। उम्मीद है कि इस पहल से राज्य में एमएसएमई उद्यमों के विकास को मदद मिलेगी और इससे उनकी संवृद्धि में सुविधा होगी। यह पहल भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के मिशन स्वावलंबन के साथ संरेखित है।

The Hon'ble Chief Minister of Uttar Pradesh (UP) Yogi Adityanath today inaugurated the SIDBI Swavalamban Kendra at Lucknow. The initiative is expected to help the progress of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) in the state and facilitate their growth. The initiative is in line with the Mission Swavalamban of Small Industries Development Bank of India (SIDBI).

केंद्र की आधार शिला रखते हुए उन्होंने इस पहल के लिए ससम्मान हर्ष व्यक्त किया। उन्होने हरित भवन योजना की सराहना की, जो माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच के साथ मेल खाती है, जो हमेशा से ऊर्जा कुशल भारत की बात करते आ रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मेक इन इंडिया आदि राष्ट्रीय अभियानों में सिडबी की प्रमुख भूमिका के बारे में भी बताया। ये मिशन युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को जगाते हैं और उन्हें नौकरी की तलाश की बजाय नौकरियाँ सर्जक बनने की स्वावलंबन संस्कृति को आत्मसात करने के लिए तैयार करते हैं।

While laying the foundation stone, he expressed esteemed pleasure about this initiative. He applauded the green building plan which aligns with the thinking of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi who has been talking of energy efficient India. He also mentioned about the lead role SIDBI plays in national missions of StartupIndia, Stand-Up India, Make in India

and other initiatives. These missions kindle the entrepreneurial spirit in youth and make them to assimilate the Swavalamban culture of being job creator as against being job seeker.

वह इस बात से खुश थे कि सिडबी ने उत्तर प्रदेश राज्य के स्टार्टअप कार्यक्रम के लिए समर्थन शुरू कर दिया है और उन्होने उम्मीद जताई कि यह आत्मनिर्भर भारत मिशन का परिपूरक होगा। उन्होंने उल्लेख किया कि एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम (ओडीओपी) एक गेम चेंजर साबित होगा। उन्होने आशा जताई कि जब विश्व कोरोना महामारी का सामना कर रहा है, तब स्टार्टअप और एमएसएमई ही हैं जो आकांक्षाओं रूपी अपने सपनों को साकार करने और राज्य और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की आशा जगाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस केंद्र की स्थापना से भविष्य में नई कार्य संस्कृति शुरू होगी।

He appreciated SIDBI's support to startup programme of the Uttar Pradesh and was hopeful that this will supplement the AtmaNirbhar Bharat mission. He mentioned that that One District One Product (OPOD) shall prove to be game changer. When World is facing the COVID-19 pandemic, startups and MSMEs are the ray of hope to realise the dreams and strengthen the state and national economy. He believes the setting up of centre shall lead to the start of new work culture.

इस अवसर पर सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस ने कहा, "मिशन स्वावलंबन के प्रति हमारे निरंतर प्रयास के द्वारा हमने सफलतापूर्वक लोगों के जीवन को स्पर्श किया है और उन्हें स्वावलंबी बनने में मदद की है। लखनऊ में स्वावलंबन केंद्र के साथ, जहाँ हमारा मुख्यालय है, हमारा लक्ष्य है कि हम सूक्ष्म और लघु उद्यमों के कौशल विषयक अंतराल को पाटने के साथ-साथ उनकी सह-कार्यस्थल, प्रदर्शनी केंद्र, सभा स्थल आदि तक पहुँच को सुगम बनाएँ। हम उत्तर प्रदेश राज्य में मिशन आत्मनिर्भर भारत को गहराई प्रदान करना चाहते हैं।"

On this occasion Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director, SIDBI said, "In our constant endeavor towards Mission Swavalamban, we have successfully touched the lives of people and helped them become Swavalambis. With Swavalamban Kendra at Lucknow, where we are headquartered, we aim to bridge the skilling gap as also access aspects of Micro and Small Enterprises (MSEs) to coworking space, exhibition centre, meeting places etc. We look forward to deepen the mission of AtmaNirbhar Bharat in the state of UP."

सिडबी द्वारा स्वावलंबन केंद्र की अवधारणा को आजीविका और सूक्ष्म और लघु उद्यमों तक पहुंच पर जोर देने के साथ एमएसएमई की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रूपायित किया गया है। इसे एक अति-अधुनातन सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की अवधारणा मूल में है। जहां सिडबी के अपने अधिकारियों के लिए और उद्यमों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इससे एमएसएमई के लिए काम करने की जगह, बोर्ड रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल और उद्यमों के लिए प्रदर्शनी स्थल तक रियायती पहुंच आसान हो जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य के उद्यम जो एक जिला एक उद्योग (ओडीओपी) आदि की

योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं, वे केंद्र से अत्यधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस केंद्र को 1 एकड़ भूमि में स्थापित किया जाएगा और इसके एक वर्ष में तैयार होने की योजना है।

Swavalamban Kendra has been conceptualized by SIDBI for meeting the training requirements of MSMEs with thrust on access to livelihood and MSEs. Its premise is laid to evolve as the state of art facility centre where SIDBI's own officials as also different training programmes for enterprises shall be run. It will ease concessional access to working space, conference hall, board room, conference hall and exhibition place for enterprises. Enterprises from UP state who are benefitting under schemes of ODOP etc. can reap the benefits of the centre. The centre shall be set up in one-acre space and it is planned to be ready in one year's time.

सिडबी के उप प्रबंध निदेशक श्री मनोज मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापित किया और राज्य में उद्यमों के लिए केंद्र के माध्यम से तथा अन्य दृष्टांतकारी पहलों के साथ "साझेदार" बने रहने के बारे में सिडबी के संकल्प को दोहराया।

Shri Manoj Mittal, Deputy Managing Director of SIDBI proposed vote of thanks and re-affirmed SIDBI's resolve to continue to be 'The partner" and undertake illustrative initiatives for the enterprises in the State.

सिडबी के बारे में : 1990 में अपने गठन के बाद से, सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। चाहे वे पारंपरिक, छोटे घरेलू उद्यमी हों, पिरामिड के सबसे निचले स्तर के उद्यमी हों, या फिर उच्च-स्तरीय ज्ञान आधारित उद्यमी हों, सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के जीवन को विभिन्न ऋणों तथा विकास कार्यों के माध्यम से प्रभावित किया है।

अधिक जानने के लिए, देखें : https://www.sidbi.in

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in

मीडिया संपर्क: नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
Media contact: Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in